प्रतियोगिता | देशभर के 2000 खिलाड़ियों के बीच शानदार प्रदर्शन

मंजू इंगले को फुल पावर लिफ्टिंग में प्रथम स्थान

नवभारत,जबलपुर। नगर की गौरव मंजू इंगले ने आगरा में आयोजित क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता (अप्रैल 2026) में स्वर्ण पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया। सीनियर सिटीजन मास्टर श्रेणी के 74 किग्रा भार वर्ग में उन्होंने फुल पावर लिफ्टिंग में पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता आर.बी.एस. कॉलेज परिसर में आयोजित हुई, जहां देशभर से लगभग 2000 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

हजारों दर्शकों की मौजूदगी में तालियों की गूंज के बीच मंजू इंगले का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर आगरा के जीएसटी कमिश्नर की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू ने उन्हें गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि पर सीनियर सिटीजन क्लब एवं शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने हार्दिक बधाई दी। उल्लेखनीय है कि मंजू इंगले पूर्व में भी कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं।

परशुराम खेल रत्न से शिवाय शुक्ला सम्मानित

नवभारत,जबलपुर। विगत दिवस जिला जबलपुर कॉरपोरेशन कुश्ती संघ, रांझी हनुमान मंदिर शांति नगर एवं क्रीड़ा भारती महानगर आयुध भाग जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में शक्ति शिरोमणि भगवान श्री परशुराम जी के प्रकटोत्सव पर जबलपुर के विभिन्न अखाड़ों के द्वारा पटा विनेटी, मुकदर, तलवारबाजी, लाठी, गाज गिराना एवं अन्य विधाओं का प्रदर्शन रांझी कन्या महाविद्यालय, हनुमान मंदिर रांझी में किया गया। जिसमें केंट विधायक अशोक रोहाणी, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रकाश धीरावाणी क्रीड़ा भारती महानगर एवं एड. प्रशांत मिश्रा संयोजक महाकौशल क्रीड़ा भारती के द्वारा शिवाय शुक्ला को कराटे खेल के लिये परशुराम खेल रत्न से सम्मानित किया गया। शिवाय की इस उपलब्धि पर रामदत्त शुक्ला, सुनील पटेल, तजविन्दर सिंह टीटू, सुभाष मांझी, सुनील शुक्ला, राहुल केशरवानी ने हर्ष व्यक्त कर बधाईयां दी।

45 दिनों के खेल प्रशिक्षण में निखरेंगे खिलाड़ी

▶ 'आरोह 2026' ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का होगा आयोजन

नवभारत, जबलपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार इस वर्ष 1 मई से 15 जून 2026 तक 'आरोह' नाम से 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के सभी विकासखंड मुख्यालयों में न्यूनतम 2 खेल, लघु जिला मुख्यालयों पर 4, बड़े जिला मुख्यालयों पर 8 तथा संभागीय मुख्यालयों पर 15 खेलों के प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। इसी संबंध में 24 अप्रैल को शाम 5:30 बजे रानीताल खेल परिसर, जबलपुर में योजना बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता म.प्र. ओलम्पिक संघ के महासचिव दिग्विजय सिंह ने की, जबकि उपाध्यक्ष अखिलेश जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी आशीष पाण्डे ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 'आरोह' में खेल प्रशिक्षण के साथ योग, प्राणायाम, नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रचनात्मक गतिविधियां भी शामिल की गई हैं।

स्कूलों से पूर्ण सहयोग का आश्वासन

अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने खिलाड़ियों को अच्छा नागरिक बनाने पर जोर देते हुए अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं अखिलेश जैन ने जबलपुर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर स्थापित करने का लक्ष्य रखा। जिला शिक्षा विभाग की खेल अधिकारी मधुमिता हजारे ने स्कूलों से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

ये रहे उपस्थित

बैठक में लोक बहादुर, संजय यादव, भीष्म सिंह राजपूत, सुनील भारती, दुर्गेश नन्दनी, शेखर अवस्थी, विजय चौधरी, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, उमाशंकर पटेल, सुनील यादव, अमित साहू, शरद अग्निहोत्री, संजय यादव, आबिद खान, चंदा सोनी, प्रकाश यादव सहित विभिन्न खेल संघों, अकादमियों और क्लबों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आशीष पाण्डे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पोषण पखवाड़े पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जबलपुर, नवभारत। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार, डॉ. अशोक कुमार (चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय), डॉ. शैलेन्द्र दीक्षित (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक) एवं डॉ. संदीप कुमार चौहान (मंडल चिकित्सा अधिकारी) के मार्गदर्शन में 8वें पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत गुरुवार 23 अप्रैल को डब्ल्यू.एस.ई.सी. रेलवे स्कूल, इंदिरा मार्केट एवं पमरे हाई स्कूल, लोको तलैया, जबलपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संतुलित आहार, जीवन के पहले 1000 दिनों के पोषण, कुपोषण की रोकथाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. राम्या (सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी) ने संतुलित भोजन में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन एवं खनिजों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्यवर्धक आहार अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों के पूर्ण टीकाकरण एवं 14-15 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण के प्रति भी जागरूक किया। वही ललिता लाल (सहायक नर्सिंग अधिकारी) ने अनाज, दाल, हरी सब्जियों एवं फलों के महत्व को प्रदर्शन के माध्यम से समझाया, जिससे बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ी। इस कार्यक्रम में प्राचार्य आशा अवस्थी एवं शेख बाहीद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से

▶ 13 खेलों का मिलेगा प्रशिक्षण, बच्चों के लिए सुनहरा अवसर

नवभारत,जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा 1 मई से रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विद्युत कंपनियों के कर्मचारियों के बच्चों एवं उनके आश्रितों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। परिषद के महासचिव एफ.के. मेश्राम ने बताया कि शहर के सबसे बड़े इस शिविर में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, स्केटिंग, कुश्ती, ताइक्वांडो, शूटिंग, एरोबिक्स सहित कुल 13 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही योग एवं शारीरिक फिटनेस की विशेष व्यवस्था भी रहेगी। विभिन्न खेलों के लिए आयु सीमा 8 से 16 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है, जबकि कुछ खेलों में 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे भी भाग ले सकेंगे। शिविर में अनुभवी प्रशिक्षक बच्चों को प्रशिक्षण देंगे। इच्छुक प्रतिभागी पाण्डुताल मैदान के पास मशाल परिसर स्थित परिषद कार्यालय से सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

छात्रों को दी आगे बढ़ने और मेहनत करने की प्रेरणा

▶ सनातन धर्म पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों का सम्मान

नवभारत, जबलपुर। सनातन धर्म पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री तरुण कुमार भनोट, अध्यक्ष डी. आर. सेठी तथा प्राचार्या मौलश्री दुबे उपस्थित रहे। अपने संबोधन में तरुण कुमार भनोट ने छात्रों को असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ने और निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। परिणामों में कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय से श्रद्धा कुशवाहा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में अश्विनी बेन (89.2 प्रतिशत) और कला संकाय में धनेश्वरी सेन (75.4प्रतिशत) ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 10वीं में मुस्कान सूर्यवंशी (95.4प्रतिशत) प्रथम, कपिल मिश्रा (92.6प्रतिशत) द्वितीय और शालू घोषी (91.8प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के कुल 40 छात्रों ने 80प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया।

चौराहों की सूरत बिगाड़ने वाले अवैध विज्ञापनों, पोस्टरों पर होगी कार्रवाई

▶ शहर की तस्वीर संवारने ननि ने शुरू की कवायद

जबलपुर। शहर को विज्ञापनों से मुक्त करने और शहर की सुंदरता को संवारने के लिए नगर निगम ने कार्यवाही शुरू कर दी है। दरअसल मध्य प्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम, 2017 के तहत निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने निर्देश जारी किए हैं कि अब शहर की सार्वजनिक संपत्तियों और यूनीपोल्स पर बिना अनुमति के पोस्टर, बैनर या होर्डिंग लगाना प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि जन्मदिन की बधाई, विरोध प्रदर्शन या धार्मिक कार्यक्रमों के अनधिकृत पोस्टर शहर की दीवारों और चौराहों की सूरत बिगाड़ देते थे। इस संबंध में अपर आयुक्त अंजू सिंह ने बताया कि अब निगम की अनुमति के बिना ऐसे प्रचार पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जिससे शहर साफ-सुथरा नजर आएगा। उन्होंने बताया कि ने बताया कि अवैध विज्ञापनों से न केवल शहर गंदा होता था, बल्कि शासन को मिलने वाले राजस्व का भी नुकसान होता था। अब अधिकृत एजेंसी के माध्यम से ही विज्ञापन के कार्य होंगे, जिससे निगम की आय बढ़ेगी और उस पैसे का उपयोग शहर के विकास में किया जा सकेगा। सिंह ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 10 रुपये प्रति वर्गफुट प्रतिदिन की दर से जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही, भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान किया गया है, जो अनुशासन बनाए रखने में मदद करेगा।

पड़ोसियों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला

▶ शराब पार्टी के दौरान विवाद पर वारदात

जबलपुर। पाटन थाना अंतर्गत नुनसर चौकी के ग्राम नीची में शराबखोरी के बाद उपजे मामूली विवाद के बाद तीन युवकों ने अपने ही पड़ोसी मनीष चढ़ार (26) की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पूरे गाँव में मातम और तनाव का माहौल है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक नीची निवासी मनीष चढ़ार शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे अपने पड़ोसी अभिषेक पटेल, विवेक पटेल और कृष्णा पटेल के साथ गाँव के पास तालाब किनारे बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ। तीखी बहस शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि तीनों आरोपियों ने तैश में आकर मनीष पर लाठी और डंडों से हमला कर दिया। हमले में मनीष के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, जिससे वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही नुनसर चौकी और पाटन पुलिस पहुंची। पुलिस ने मनीष के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मुख्य आरोपी अभिषेक पटेल, विवेक पटेल और कृष्णा पटेल के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर ने बताया कि आरोपियों की तलाश चल रही। जल्द ही पुलिस उन्हें पकड़ लेगी।

मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भागे आरोपी, परिजन ले गये घर

आरोपी उसे लहूलुहान अवस्था में मरणासन्न छोड़कर मौके से फरार हो गए। जब मनीष शाम तक घर नहीं पहुँचा, तो उसके परिजन उसकी तलाश में निकले। काफी मशक्कत के बाद वे तालाब के पास पहुँचे, जहाँ मनीष उन्हें बेसुध मिला। परिजनों ने शुरुआती तौर पर सोचा कि मनीष शायद अत्यधिक शराब के कारण बेहोश है, इसलिए वे उसे उठाकर घर ले आए। लेकिन जब शाम को भी उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और उसने कोई हरकत नहीं की, तो घबराए परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुँचे। परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया।

प्रॉपर्टी डीलर का फिल्मी स्टाइल में कार से अपहरण

जबलपुर। विजय नगर में फिल्मी स्टाइल में कार से प्रॉपर्टी डीलर का बदमाशों ने अपहरण कर लिया इसके बाद बायपास ले गए जहां उसकी बेरहमी से पिटाई की इसके बाद छोड़कर फरार हो गए। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माढ़ोताल बेनीखेड़ा निवासी सतीश पांडे प्रापर्टी डीलर है। जिसका आईएसबीटी के सामने विजय नगर में ऑफिस है। गुरुवार रात लगभग साढ़े सात बजे वे ऑफिस बंद कर बाहर निकले तभी अचानक टीटू यादव और संदीप गौतम समेत उनके दो अन्य पहुंचे और जबरन सतीश को कार में बैठाकर बाइपास ले गए जहां उसकी बेरहमी से पिटाई की इसके बाद वापिस विजय नगर में छोड़कर भाग निकले। हमलावरों ने युवक के पास रखी नकदी भी लूट ली है। वारदात पैसे के लेनदेन को लेकर हुई है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरू कर दी है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD _503040_1 PRO -100 24/04/2026	स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में विभिन्न स्थानों पर डामरीकरण कार्य।	03 माह 25.41/- लाख	5000/- 19057/-	11/05/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिवनी जिला सिवनी म.प्र.

क्रमांक/ एस.डी.एम/सिवनी/रीडर-2/ 625/2026 //आम इस्तहार सूचना// दिनांक :- 13/04/2026

आम जनता को सूचित किया जाता है कि थाना लखनवाड़ा सिवनी के इस्तगासा क्रमांक 01/23 में 18 मो. सायकल, इस्तगासा क्रमांक 02/23 में 11 मोटर सायकल, इस्तगासा क्रमांक 03/23 में 12 मोटर सायकल, इस्तगासा क्रमांक 04/23 में 17 मोटर सायकल, इस्तगासा क्रमांक 05/23 में 02 चार पहिया वाहन कार, इस्तगासा क्रमांक 06/23 में 06 नग तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन, एवं इस्तगासा क्रमांक 07/23 में 08 नग सायकल धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्त सुदा दो-तीन-चार पहिया वाहन विभिन्न कंपनियो के क्रमांश 74 नग वाहन जर्जर एवं कवाड़ हालत में हो, जो काफी समय से कंड़म की स्थिति में थाना प्रांगण में रखे हुये हैं। वाहन का निवर्तमान अनुमोदित ऑफसेट मूल्य के आधार पर किया जायेगा। अधिकतम बोली को विक्रेता घोषित किया जायेगा। निविदा के समय धरोहर राशि तत्काल जमा करी होगी वरना धरोहर राशि राजसात होगी अन्यथा निविदा अमान्य होगा। धरोहर राशि का समायोजन मूल राशि में किया जायेगा। असफल निविदाकारों की धरोहर राशि माजमात होगी। निविदा का वाहन का अवलोकन नीलामी के समय कर सकते है वाद में कोई आपत्ति मान्य नही होगी। नीलामी विक्रय उपरान्त पुलिस विभाग की कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा, निविदा का अंतिम प्रक्रिया तक किसी भी बिन्दु पर निर्णय अधिकारी का होगा। निविदाकार को फोटो युक्त पहचान पत्र स्वप्रमाणित देना होगा प्रत्येक निविदाकार को बोली में भाग लेने के पूर्व नीलामी स्थल पर 500/- केश रसीद के रूप जमा करने होंगे जो किसी भी हालत में वापस योग्य नहीं होंगे। धरोहर राशि राजकोष में जमा की जावेगी।

उपरोक्त जप्त सुदा कुल 74 नग दो-तीन-चार पहिया वाहन धारा 25 पुलिस एक्ट में है इन वाहनो के स्वामित्वधारियो को आम इस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.05.2026 तक पुलिस थाना लखनवाड़ा जिला सिवनी में मूल दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करे। नियत तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर उक्त जप्त सुदा वाहनो की नीलामी निष्पादित की जावेगी नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। नीलामी बोलीदार को नीलामी के समय 30 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।

सलग्न वाहन सूची:-

क्र	दो पहिया मोटरसाईकिल वाहन	रजिस्ट्रेशन क्रमांक	इंजन नम्बर	चेचिस नम्बर	इस्तगासा
1.	सुजुकी मैकेस 100 मैहरून रंग	MP22F6305	1002M610790	1002F559759	01/2023
2.	पैशन प्रो काले लाल रंग	MP50MB2821	HA10EBGHB00299	MBLHA10VSGHB00359	01/2023
3.	बिलोमिटी सिल्वर रंग की	MH31BL4524	FA68001412	FA68001490	01/2023
4.	XCDबजाज 125 सीसी लाल रंग	MP04MN1203	JAMBPK40422	MD2DSJBZZPWK44676	01/2023
5.	बजाज सीटी 100 सिल्वर मेहंदी रंग की	MP28M1344	DUMBMG89549	DUFBMG29220	01/2023
6.	CBZ काले रंग	MH40R5549	KC12EV9CLO1656	MBLKG12EC9GL01737	01/2023
7.	काले रंग की	MP04MH9763	असपष्ट	MD2DHDHZ2NCJ67593	01/2023
8.	सीटी 100 SS	MP22Y0700	A10E33105	A10F032985	01/2023
9.	हीरोहोण्डा खराब केवल वाटी	बिना नंबर प्लेट की	नही	00M20F07786	01/2023
10.	खराब की केवल वाडी है जिस पर DTS SI लिखा है	बिना नंबर प्लेट	JBUBEL84483		01/2023
11.	मोपेड लूना	बिना नंबर प्लेट की	असपष्ट	असपष्ट	01/2023
12.	हीरो काले रंग	बिना नंबर प्लेट की	असपष्ट	असपष्ट	01/2023
13.	हरे रंग की बजाज स्कूटर सुपर	MP20D6259	AJ537947E		01/2023
14.	पुरानी राजदूत			1059059	01/2023
15.	कायनेटिस होण्डा स्कूटी काई कलर	MP22C0399	349023	358989	01/2023
16.	यामहा काले रंग	MP22B1672	1L1303410	1L1303410	01/2023
17.	हीरो होण्डा कम्पनी की जिसकी केवल वाटी है	MP22MC3010	MA10CNCHK52684	असपष्ट	01/2023
18.	सीटी 100 डान काले रंग	MP28BB5685	04F27E06459	04F27F31432	01/2023
19.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल बजाज बाक्सर सिल्वर कलर	MP28BA6849	DMMBKJ36914	DFFBKJ67699	02/2023
20.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल बजाज डिस्कवर	MP22MG2484	JBUBUB19618	MD2DSPAZZUPB40305	02/2023
21.	हीरो होण्डा स्पेलेन्डर क्षतिग्रस्त हालत में ब्लेक कलर	MP28M6054	06F15E11570	06F16F11644	02/2023
22.	पुरानी क्षतिग्रस्त हीरो हाण्डा स्पेलेन्डर ब्लेक कलर	नंबर प्लेट नही	HA10EA8HJ17695	MBLHA10EJAHB1759	02/2023
23.	पुरानी बजाज M80 मोटर सायकल लाल रंग	नंबर प्लेट नही	16EBDH25665	16CBD1125377	02/2023
24.	पुरानी मोटर सायकल बजाज चैम्पियन लाल रंग की क्षतिग्रस्त	नंबर प्लेट नही	31MBDB02959	31FBDB05940	02/2023
25.	पुरानी हीरो होण्डा ग्लेमर मोटर सायकल	MH31CD8956	06KCAM00263	06KCAC00240	02/2023
26.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल हीरो होण्डा स्पेलेन्डर ब्लेक कलर	MP28BB6849	05D15E03219	05D16F02932	02/2023
27.	पुरानी क्षतिग्रस्त TVS स्कूटी	MH31AQ4579	असपष्ट	K00HF471350	02/2023
28.	पुरानी क्षतिग्रस्त याहामा लिबरो ब्लेक कलर	MP50MA9210	5TS8021288	07B5TS8021288	02/2023
29.	पुरानी क्षतिग्रस्त बजाज कम्पनी की प्लेटिना ब्लेक कलर	MP22M8837	DUMBPF35695	MD2DDDZZZPWF55102	02/2023
30.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल TVS स्टार सिटी	बिना नंबर	CF1KG1266741	MD625CF49G1K0013	03/2023
31.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल याम्हा हरे रंग की	MP22Y0163	IL5493273	984ZS193273	03/2023
32.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल स्प्लेन्डर प्लस ब्लेक कलर	MP21 4365	99B17F08947	असपष्ट	03/2023
33.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल बजाज डिसकवर K70	MP28NA3692	BXEBNJ45213	MD2DSDSZZNAJ44221	03/2023
34.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल TVS स्टार सिटी	CG31G5101	CFSF71024077	MD625MF5571F66725	03/2023
35.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल बजाज सिटी 100	MP51D8967	00MDLK64300	DUFBLK34920	03/2023
36.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोपेड TVS एक्सल हेवी डियूटी	MP22MB1647	नही	MD621BD19A1K00853	03/2023
37.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल बजाज पल्सर 150 काले रंग की	MP22M2834	DHGBNF11236	MD2DHDHZZNLF74288	03/2023
38.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल हीरो हाण्डा CBZ आसमान नीले रंग की सामने सत्यम शिवम	MH31BS5183	4601693	असपष्ट	03/2023
39.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल होण्डा लिबो ड्राक नीले रंग	MP22MH6999	JC71ET3001760	ME4JC717BJT001239	03/2023
40.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल सी.डी.डीलक्स कलर काले रंग	MP22ML आधी नंबर प्लेट टूटी	असपष्ट	07A22E55759	03/2023
41.	पुरानी क्षतिग्रस्त मोटर सायकल मुजुकी हरे रंग	MP22F7913	9202M213332	9202F157720	03/2023
42.	मोटर सायकल लाल काले रंग की पेशन प्लस हीरो कम्पनी	MH17Y6870	असपष्ट	07L0SC4895	04/2023
43.	मोटर सायकल स्पलेण्डर काले रंग की ओरेंज पट्टे वाली	MP22F2102	असपष्ट	01E20F4CS73	04/2023
44.	हीरो होण्डा सिटी 100 काले रंग	MH31AB8968	असपष्ट	98110E22479	04/2023
45.	बजाज XCD काले रंग	MP22MH3996	असपष्ट	असपष्ट	04/2023
46.	सुजुकी काले लाल रंग	MP22F0922	असपष्ट	9011F797027	04/2023
47.	मोटर सायकल स्पलेण्डर नीले रंग	MP48BA1861		03C20F03734	04/2023
48.	पुरानी राजदूत काले रंग	बिना नम्बर प्लेट	असपष्ट	असपष्ट	04/2023
49.	पुरानी स्कूटर हल्की जामुनी रंग	MKK4080	असपष्ट	W05E08740	04/2023
50.	टीवीएस काले लाल रंग	बिना नंबर प्लेट	असपष्ट	असपष्ट	04/2023
51.	हीरो होण्डा कम्पनी की काले रंग	MP22 6186	03H60M03094	03J62000229	04/2023
52.	लूना कायनेटिक हरे रंग	बिना नंबर प्लेट	असपष्ट	8CC20001968	04/2023
53.	बाक्सर लाल रंग	MP22MA6135	DEM8FM74996	DFFBHM58533	04/2023
54.	काले रंग की स्पलेण्डर कम्पनी	MP22M7909	07K15M10875	असपष्ट	04/2023
55.	सुजुकी काले रंग	बिना नंबर प्लेट	असपष्ट	7701F754665	04/2023
56.	हीरो होण्डा कम्पनी की सफेद काले रंग	बिना नंबर प्लेट	69G10E13874	03J62C00229	04/2023
57.	केवल वाडी हैं	बिना नंबर प्लेट	असपष्ट	असपष्ट	04/2023
58.	बजाज प्लेटिना काले सफेद रंग की	MP28MA0962	DDMBN607393	MD2DDDZZZNWG79270	04/2023
59.	पुरानी क्षतिग्रस्त सफेद रंग की मारूति वैन ओमनी जिसका सामने	CG085020	असपष्ट	ST9IN484025	05/2023
60.	पुरानी क्षतिग्रस्त सफेद रंग की हुण्डई कम्पनी की सेन्ट्रो कार	MH04Y3810	G4HCXM038601	VIN MAHAA51GRXM038606	05/2023
61.	मारूती 800 कार सफेद कलर	MH31G4727	F88-IN764021	SB308-IN516685	06/2023
62.	आटो वैन की वाडी काले पीले रंग की जरजर अवस्था	बिना नंबर प्लेट	RC73704	1UAAZCMVR	06/2023
63.	छोटा आटो वैन की वाडी काले पीले रंग की जरजर अवस्था	MP280032	असपष्ट	SMBL003	06/2023
64.	कार मारूती कंपनी की स्ट्रीम	DL2-CZ6038	G13BBN149775	MA3EBE41500402055	06/2023
65.	मारूती वैन	MH31FZ1108	असपष्ट	असपष्ट	06/2023
66.	कमाण्डर जीप की वाडी जंक लगी कण्डम हालत में	बिना नंबर प्लेट	असपष्ट	असपष्ट	06/2023
67.	एक जंग खाई मायकल चैन व्हील पर अंग्रेजी मे PARMAR लिखा है			असपष्ट	07/2023
68.	मायकल जिसमे चैचिम चेन व्हील पर ATLAS लिखा है			असपष्ट	07/2023
69.	हीरो कंपनी की मायकल			असपष्ट	07/2023
70.	एक हरकुलस कंपनी की सायकल चेन व्हील पर ATLAS लिखा है			असपष्ट	07/2023
71.	मायकल का चेचिस बडा चेन कवर लगा है			असपष्ट	07/2023
72.	हीरो सायकल जिसके हेडिल पर सददूलाल ढीमर लिखा है			असपष्ट	07/2023
73.	हीरो मायकल Limted का स्टीकर लगा है जिसमे एक नाला है			असपष्ट	07/2023
74.	एक सायकल जिसके चेन कवर पर ATLAS Super Strong			असपष्ट	07/2023

जी.- 11971/26 | बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल | अनुविभागीय अधिकारी सिवनी जिला सिवनी

पश्चिम मध्य रेल

विद्युत शाखा खुली निविदा
निविदा दिनांक 22.04.2026
ई-निविदा

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी जंक्शन, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांक :** एनकेजे-डी-इन्स्टालेशन-एसी-टी 25 दिनाँक 22/04/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** विद्युत लोकोमोटिव पर एयर कन्डीशनरों के इन्स्टालेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग (ट्रफ सहित) का कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपये में) :** रुपये 60,35,542/- **अर्नेस्ट मनी/बिड सिक्योरिटी राशि (रूपये में) :** रु. 1,20,700/-, **समापन अवधि (माह) :** 24 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (12.00 बजे तक) :** 14.05.2026 उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी बेब साइड "http://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

हस्ता.
कृते वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस)
पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

CENTRUM Home Loans
Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट एवं रजिस्टर्ड ऑफिस : यूनिट नं. 801, सेन्ट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई- 400098, CIN No. U65922MH2016PLC273826
शाखा पता- सेन्ट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, आफिस नं. मकान नं. 821, डी.एन. जैन कॉलेज के सामने, गोल बाजार, जबलपुर-482002 मध्यप्रदेश

परिशिष्ट- IV -ए
(नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक देखें

नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्र